तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि रतन भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 दिसंबर 2024



11 जिले के सभी विकासखण्डों में किया जाएगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





12 जिला स्तरीय युवा उत्सव में छात्र-छात्राओं ने किया गजब का प्रदर्शन









प्रेम रतन पैलेस & रिसोर्ट

राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)

ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था

सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा

- हरा-भरा गार्डन
- शुद्ध हवा • AC रूम
- 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं

नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम

मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900

प्रबंधक की आवश्यकता है युवक-युवती संपर्क करें 9926133072


## खबर संक्षेप

### गायत्री महायज्ञ 3 से, भूमि पूजन समारोह में शामिल होंगे अमितेष



**गरियाबंद।** नगर के गांधी मैदान में 2025 में वेदमाता गायत्री शक्तिपीठ द्वारा 3 से 6 जनवरी तक राष्ट्र जागरण 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 12 दिसंबर को भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेष शुक्ल 12 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे शामिल होंगे। इस महायज्ञ का उद्देश्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह और राष्ट्र निर्माण में जनजागृति लाना है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### 18 दिसम्बर शुष्क दिवस घोषित

**गरियाबंद।** जिले में गुरु घासीदास जयंती पर बुधवार 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त दिवस को जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आबकारी अमले को उक्त शुष्क दिवस में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भंडारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने कहा है। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाने और उन्हें जप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# बेडटच के आरोप की जांच में पहुंची जिला अफसरों की टीम, तीन दर्जन छात्र-छात्राओं का बयान दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर के लगभग 50 से ज्यादा छात्र छात्राओं की एक प्रतिनिधि मंडल जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपकर मैनपुर हायर सेकण्डरी विद्यालय में पदस्थ कई शिक्षक शिक्षिकाओं पर अनेक गंभीर आरोप लगाए और बकायदा शिक्षकों का नाम और आरोप का ब्यौरा कलेक्टर को सौंपा था। इसके बाद दूसरे दिन मंगलवार को विद्यालय प्रारंभ होते ही छात्र छात्राएं दो गुटों में बंटे नजर आए और भारी हंगामा स्कूल में हो गया। इसके बाद नगर के जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नागरिकगण स्कूल में पहुंचकर बच्चों को समझाइस देते हुए शांत कराया।

इस दौरान कई छात्राओं ने एक शिक्षक पर बेडटच करने का आरोप लगाते हुए रोते गिड़गिड़ाते और न्याय की गुहार लगाते वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। इसके बाद यह मामला प्रदेश स्तर पर फैल गया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कांग्रेस के प्रदेश स्तर के बड़े नेताओं ने ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जनभागीदारी समिति ने आरोपी तीन शिक्षकों को स्थानान्तरित करने प्रस्ताव पारित किया

#### शिकायत दर्ज होते ही शुरू होगी जांच

विद्यालय के मामले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हम पहुंचे थे, कोई उग्र आन्दोलन न हो। अभी तक बेडटच वाले मामले में थाने में शिकायत नहीं हुई है।शिकायत आती है तो हम शक्ति के साथ कार्रवाई करेंगे। पुलिस पूरे मामले में निगाह बनाए रखी है।

**बाजीलाल सिंह,** एसडीओपी, मैनपुर



#### तीन शिक्षकों को हटाया जाएगा

शाला प्रबंधन जनभागीदारी विकास समिति अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा बैठक में निर्णय लिया गया है कि जिन तीन शिक्षकों पर आरोप लगा है उसे तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए और उसके स्थान पर दूसरे शिक्षक पदस्थ किया जाए। साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और जांच के बाद दोशी पर कार्रवाई की जाए।

# धान खरीदी पर संकट : आज से कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर

**खरीदी ठप होने की आशंका, किसान होंगे परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





छत्तीसगढ़ में धान खरीदी प्रक्रिया एक बड़े संकट की ओर बढ़ रही है। 12 दिसंबर से प्रदेश के 33 जिलों में 2,000 से अधिक धान खरीदी केंद्रों के कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर जाने वाले हैं।

गरियाबंद के इन ऑपरेटरों का कहना है कि जब तक उनकी लंबित मांगें पूरी नहीं होतीं, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। इससे प्रदेशभर में धान खरीदी पूरी तरह से ठप हो सकती है।

धान खरीदी केंद्रों पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों की प्रमुख मांग है कि उन्हें खाद्य विभाग में संविलियन किया जाए। वे 2007 से इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन उनके कार्य और भविष्य को लेकर अब तक कोई स्पष्ट नीति नहीं बनाई गई है। इसके अलावा, नवीन वित्त निर्देश 22/2023 के तहत वेतनमान में 27 प्रतिशत वृद्धि और 23,350 रुपये मासिक वेतन की मांग भी की जा रही है। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में आउटसोर्सिंग के प्रस्ताव को भी वे तत्काल रद्द करने की मांग कर रहे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटरों का कहना है कि उनका वेतन लंबे समय से अनियमित है। अगस्त 2023 से वेतन भुगतान नहीं हुआ है, और सात माह तक लंबित वेतन पर भी सरकार ने कोई समाधान नहीं निकाला है। पिछली हड़ताल के 37 दिनों को कार्य अवधि मानने का आदेश भी अब तक जारी नहीं हुआ है। वहीं, कई जिलों में ऑपरेटरों का ट्रांसफर भी नियमों के विरुद्ध किया गया है, जिससे उनकी नाराजगी और बढ़ गई है। हड़ताल का असर धान खरीदी प्रक्रिया पर व्यापक रूप से पड़ेगा। किसानों को धान बेचने के लिए ऑनलाइन टोकन लेना होता है, और अधिकांश किसान इसके लिए ऑपरेटरों पर निर्भर होते हैं। ऑपरेटरों की गैरमौजूदगी में यह प्रक्रिया बाधित हो जाएगी। इसके अलावा, बायोमेट्रिक सत्यापन और धान उठाव जैसे कार्य भी ठप हो सकते हैं। गेट पास जारी करने और जीपीएस आधारित उठाव की प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटर ऑपरेटरों पर निर्भर है।

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि हड़ताल की जानकारी सचिव, खाद्य विभाग और सहकारिता विभाग सहित अन्य अधिकारियों को पहले ही दी जा चुकी है। उन्होंने साफ किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी।

इस हड़ताल का सीधा असर किसानों पर पड़ने की आशंका है। अधिकांश किसान मोबाइल और ऑनलाइन प्रक्रिया से अनभिज्ञ हैं। ऐसे में उन्हें टोकन लेने और अपनी उपज बेचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो यह संकट प्रदेशभर में धान खरीदी और उठाव को पूरी तरह प्रभावित कर सकता है।

## इस वर्ष की अंतिम लोक अदालत 14 को

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर और जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर के निर्देशानुसार 14 दिसंबर को वर्ष की अंतिम और चौथी लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इस लोक अदालत में राजीनामा योग्य सभी प्रकार के सिविल, आपराधिक, चेक बाउंस, घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, बैंक रिकवरी, नगर पालिका, विद्युत विभाग और मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित मामलों का निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत में लगभग 3500 फ्री लीटिगेशन से संबंधित मामले रखे गए हैं।

अधिक से अधिक मामलों के निपटारे की संभावना जताई गई है। प्रकरणों में समझौता कराने के लिए पक्षकारों को पहले ही प्री-सिटिंग नोटिस जारी किया गया है। गरियाबंद अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ सामंजस्य स्थापित कर पक्षकारों को राजीनामा के लिए प्रेरित करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

लोक अदालत का उद्देश्य है मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान। यह पक्षकारों को समय और धन दोनों की बचत के साथ विवाद निपटारे का सरल और प्रभावी माध्यम प्रदान करता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पक्षकारों और वकीलों को समय पर सूचित कर अधिक से अधिक विवादों का समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह लोक अदालत न्यायिक प्रणाली के प्रति नागरिकों के विश्वास को मजबूत करने और न्याय तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# युवा कांग्रेस ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर किया आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस अध्यक्ष जनपद के उपाध्यक्ष योगेश साहू के नेतृत्व में राजिम तहसील कार्यालय का घेराव किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युकां कार्यकर्ता शामिल हुए।

अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि 8 सूत्रीय मांग को लेकर वे युवाओं के साथ पंडित सुन्दरलाल शर्मा चौक से रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर घेराव किए। उनकी मांग है कि किसानों का धान का समर्थन मूल्य 3100 रू एकमुश्त, टोकन प्रक्रिया व 21 क्विंटल धान समर्थन मूल्य में लिया जाये, इसके अलावा भी उनकी कई मांगे शामिल है। इस घेराव प्रदर्शन में फिंगेश्वर युकां अध्यक्ष डिगेश्वर पटेल, पद्मा दुबे, विकास तिवारी, भागीरथी साहू,भावसिंग साहू, रूपेश साहू, पुष्पा साहू, चेतन सिन्हा, हेमलता सिन्हा, दानसिंग निषाद, डॉ रमेश साहू, होरी लाल वर्मा, वीरेंद्र साहू, योगेश्वरी साहू, हमेश्वरी साहू , सुदामा वर्मा , आनंद वर्मा , कुलेश्वर साहू ,विक्रम साहू , मिथलेश पटेल ,खेमू साहू, लिलेश साहू ,माखन वर्मा ,देव साहू, मानस साहू, जित्तू सोनकर, लक्की मराठा, योगेश पटेल, विक्की साहू, मनोज ,वेदांत, मनोज , संतु साहू, कमल साहू सहित बड़ी संख्या में युकां कार्यकर्ता शामिल थे। बताया कि घेराव प्रदर्शन के बाद प्रदेश के मुखिया के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि 1 सप्ताह के भीतर इन मुद्दों को लेकर जिला कार्यालय का घेराव किया जावेगा। 23 दिसम्बर को प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में राजधानी में मुख्यमंत्री निवास का घेराव, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु की उपस्थित में किया जायेगा, जिसमें विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

■ तहसील कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की

# शिक्षक एवं स्कूल भवन की मांग पर छात्रों ने निकाली पदयात्रा

**मैनपुर।** विकासखंड के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत कुचेगा के आश्रित ग्राम भाटापानी के स्कूली छात्र छात्राओं और पालकों द्वारा शिक्षक एवं स्कूल भवन की मांग को लेकर पदयात्रा प्रारंभ की, जिसकी जानकारी लगते ही तत्काल मैनपुर एसडीएम पंकज डहरे रास्ते में ही पहुंच कर ही स्कूली छात्र–छात्राओं एवं पालकों को आश्वासन दिया की तत्काल शिक्षक की व्यवस्था कर दी जाएगी। साथ ही स्कूल भवन निर्माण भी जल्द प्रारंभ करवाने के आश्वासन के बाद छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। मैनपुर



एसडीएम पंकज डहरे ने हमारे प्रतिनिधि को चर्चा में बताया स्कूली बच्चे और ग्रामीण आधा से एक किलोमीटर पदयात्रा किए थे, उससे पहले ही पहुंचकर उनके मांगों को पूरा कर दिया गया है और ग्रामीण तथा छात्र छात्राओं ने अपना आंदोलन स्थगित कर वापस लौट गए हैं।

# रबी फसल का बीमा 31 दिसम्बर तक होगा

**गरियाबंद।** राज्य शासन द्वारा किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिले के कृषकगण रबी मौसम में फसल बीमा के लिए 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। जिले में विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पोखरा, रावड़ कुम्ही, धुरसा एवं विकासखण्ड छुरा के ग्राम दादरगांव, हरदी, खट्टी, रजनकटा, पोंड़, आसरा, मोहतरा को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत फसल के रकबा अनुसार अधिसूचित किया गया है। प्रधानमंत्री



फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त अधिसूचित ग्रामों में 1 से 7 दिसम्बर तक फसल बीमा सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अधिसूचित फसल गेंहू सिंचित एवं चना फसल का बीमा करा सकते हैं। मुख्य फसल में बीमा ईकाई ग्राम निर्धारित किया गया है तथा योजनांतर्गत भू-धारक व बटाईदार किसान सम्मिलित हो सकते हैं। रबी मौसम के लिए बीमा राशि निर्धारित किया गया है, कुल बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत किसानों द्वारा प्रीमियम के रूप में देना होगा। गेहूं सिंचित हेतु बीमित राशि 35 हजार (प्रीमियम राशि रू.525 प्रति हे.), चना हेतु 36 हजार (प्रीमियम राशि रू.540 प्रति हे) निर्धारित किया गया है। अऋणी किसान आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बी-1, पी-2 तथा फसल बुवाई प्रमाण पत्र के साथ अपने नजदीकी सीएससी सेंटर अथवा संबंधित बैंक में फसल बीमा करा सकते है। अतः जिले ▶▶| शेष पेज 11 पर

**थनौद में निर्माण कार्यों के लोकार्पण में पूर्व विधायक ने प्रदेश सरकार पर लगाया आरोप**

# भाजपा राज में किसान हैं परेशान : धनेंद

**नवापारा-राजिम/अभनपुर।** ग्राम थनौद में विभिन्न मदों से निर्मित निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अभी किसानों की मेहनत की कमाई धान खरीदी का काम चल रहा है। प्रदेश में विपक्ष का धर्म निभाते हुए पूरे प्रदेश में उपार्जन केंद्रों में वरिष्ठ नेताओं द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसमें अनेक विसंगति देखने को मिली है।





श्री साहू ने कहा कि आज प्रदेश के किसान काफी परेशान है। सही समय में टोकन नहीं मिलने से अपने फसल को खलिहानों में संजोकर रखे हैं, जिसकी सुरक्षा के लिए चिंतित है। कहा कि अपने स्वयं के खेतों में धान की रबी फसल नही बोने का फरमान एवं टोकन का 100 प्रतिशत आँनलाइन का लगातार विरोध करने पर राज्य सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा। पूर्व मंत्री श्री साहू ने कहा कि चुनाव के पूर्व भाजपा सरकार द्वारा किए गए वादो में किसानो के धान को प्रति एकड़ 3100 रु के हिसाब से एक मुश्त देने का वादा किया था। प्रदेश के किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहे है। प्रदेश में भाजपा की यह सरकार 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर ली है परंतु कहीं भी विकास कार्य दिखाई नही पड़ रहा है।

गाँवो में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा ग्राम पंचायत एवं अन्य विभागों द्वारा निर्मित कार्य कराया गया था वही आज धरातल पर देखने को मिल रहा है। लोकार्पण के पूर्व श्री साहू का ग्रामीणो ने भव्य स्वागत किया। प्रारंभ में उन्होने ग्राम की देवी देवताओ की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति का अनावरण किया और करोड़ो रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष देवनंदनी साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,दानीराम साहू, डामन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, निमा निम्बेकर, दुर्गा सिन्हा, प्रतिभा तारक, नंदकुमार साहू, वेदव्यास तारक, अक्षय साहू, रघुनंदन यादव, सतीश ध्रुव, पप्पू ध्रुव, बिसेलाल साहू, शोभा विश्वकर्मा, भुनेश्वर साहू, पवन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


बोर खनन



राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम

बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000

छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000

100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है। बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।

बोर खनन के लिए संपर्क करें- मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने

मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### बनगंवा में मड़ई मेला 14 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम बनगंवा में 14 दिसंबर को भव्य मडई मेला का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया है। इस अवसर पर ग्राम के समस्त देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जाएगी। रात्रिकालीन कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से जय रानी मां भूपेश प्रकाश छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साल्हेटोला (चारामा), जिला कांकेर का आयोजन होगा।

### रसोइयां करेंगी विधायक सिन्हा का सम्मान

**महासमुंद।** घायल रसोइया की मदद करने पर विधायक द्वारा की गई मदद के चलते प्रदेश रसोइयां संघ द्वारा विधायक राजू सिन्हा का सम्मान किए जाने की रुपरेखा तय की गई है। आगामी 15 दिसंबर को रसोइयां महासंघ की प्रांत प्रमुख नीलू ओगरे द्वारा विधायक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश की समस्त 87500 रसोइयों का समर्थन दिया गया है। बता दें कि विधायक सिन्हा द्वारा घायल रसोइया बहन को स्वनिधि मद से 50 हजार की आर्थिक मदद पहुंचाई गई। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त रसोइयों द्वारा विधायक को एक ज्ञापन पत्र भी मुख्यमंत्री के नाम से सौंपा जाएगा। जिसमें पूर्व में की गई मांगों का स्मरण कराया जाएगा। ताकि यथासंभव कार्यवाही के लिए विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित हो। कार्यक्रम बागबाहरा रोड स्थित शंकराचार्य भवन में संपन्न होगा।

### पिथौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पिथौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 दिसंबर 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी। जिसमें रक्तचाप (बीपी), शुगर, सिकल सेल, कुष्ठ रोग, हीमोग्लोबिन की जांच, टीबी स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण एवं टीकाकरण तथा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ, डॉ. बीबी कोसरिया ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। यह शिविर पूरी तरह से निःशुल्क है और इसका उद्देश्य जनसामान्य को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### जिला स्तरीय रिव्यू समिति की बैठक 19 को

**महासमुंद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय रिव्यू समिति की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 19 दिसम्बर को होगी। बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में शाम 4:30 बजे से आयोजित होगी। बैठक में जिले के बैंकिंग विकास के आंकड़ों की समीक्षा की जाएगी। शैक्षिक ऋण स्वीकृति, मुद्रा लोन प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत पात्र खाता धारकों के नामांकन को बढ़ाने, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, मुद्रा योजना, क्रेडिट कार्ड एवं शासन द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की जाएगी।

# दो साल में पूर्ण नहीं हुआ नल-जल योजना का काम, पानी टंकी तक का निर्माण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

खास खबर

क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों को 2023 से 2024 भी बीतने वाला है, फिर भी जमीन पर 50 फीसदी भी काम नहीं हुआ है। जबकि पिछले साल से ग्राम पंचायतों में काम चल रहा है। जल जीवन मिशन योजना के तहत गांवों में घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना है। इसके तहत नलकूप खनन, पानी टंकी का निर्माण के साथ पाइपलाइन का विस्तारीकरण किया जाना है, एक साल पहले काम शुरू होने के बाद भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग घरों में पानी पहुंचाने में नाकाम रहा है। न पाइप लाइन का विस्तारीकरण हुआ है और न लक्ष्य के अनुरूप पानी टंकी बन पाई है। गर्मी के सीजन में लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ सकता है। ग्राम पंचायत दादरगाव नया के आश्रित ग्राम फूलबाहर में पानी टंकी के लिए खोदे गए गड्ढे में बेस डाल कर छोड़ दिया है। कालम भी खड़ा नहीं हुआ है। दूसरे नलकूप से कनेक्ट कर गांव में पानी की सप्लाई करनी पड़ रही है। जबकि मुख्य मार्ग से लगे गांव में ये हाल है तो अंदर वाले गांवों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस कारण गांव वालों को आठ व नौ महीने योजना का लाभ पाने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

### पाइप लाइन बिछाने के दौरान बरती गई लापरवाही

देवेन्द्र जंजीर ने बताया कि नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन का विस्तारीकरण किया गया। मगर किस काम जो पानी टंकी का निर्माण नहीं हुआ है। गर्मी का सीजन प्रारंभ होते ही जल स्तर में गिरावट आ जाती है। ठंड में जल स्तर अच्छा होने बोर से पानी मिल पाता है। लेकिन गर्मी में लोगों को अन्य घरों से पानी मांगकर चलाना पड़ता है। ग्राम पंचायत रसेला में नल-जल योजना के तहत बनाई गई पानी टंकी से कई घरों को पानी नहीं मिल पा रहा है। टंकी के पास खोदे गए नलकूप को अभी तक पंप नहीं लगाया गया है। न टंकी से कनेक्ट की गई है। अभी तक कई घरों में नल चेंबर नहीं बन पाया है। ग्राम रसेला में नियम अनुसार जमीन से ही 3 फीट गहरा पाइप बिछाया जाना है। साथ ही पाइप बिछाने के पहले और बाद में रेत डालने का नियम है, लेकिन रेत नहीं डाली गई है। ऐसी ही कई जगह कंक्रीट से बने सीसी रोड को जेसीबी मशीन से खोदकर मिट्टी से पाट दिया गया है, जो बारिश के बाद मिट्टी दबकर गड्ढे हो गए हैं।





### गुणवत्ताहीन बनाया गया चबूतरा

उप सरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि घर में बनाएं गए नल चबूतरा निर्माण करने में महज एक से डेढ़ बोरी सीमेंट से बेस तैयार किया, जबकि नियमानुसार ढाई बोरी सीमेंट का उपयोग किया जाना है। उत्त महत्वाकांक्षी योजना में जमकर गुणवत्ता विहीन कार्य हुआ है। इस योजना से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है।

## चर्चा: जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए हुई समीक्षा बैठक

# अभिभावकों को बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासन के निर्देशन अनुसार प्रत्येक बच्चे को कक्षा पहली से जाति प्रमाण पत्र बनाना अनिवार्य है। जाति प्रमाण पत्र संबंधित संकुल प्रभारी गोवर्धन डडसेना ने पालकों को जानकारी दी। एसटी, एससी, ओबीसी के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाना अनिवार्य है और शासन का लाभ आपको मिलेगा। दिनेश डडसेना प्रधान पाठक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बंसुला ने भी उक्त जाति प्रमाण पत्र संबंधित जानकारी दी गई। समस्त पालकों को अपने बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए बैठक आयोजित की गई।



बैठक में उपस्थित गोवर्धन डडसेना संकुल प्रभारी, दिनेश डडसेना प्रधान पाठक, आरके दास, भगवती जगत प्राचार्य, नंदिनी प्रधान उपप्राचार्य, उषा बीसी, हसीना बेगम, तनु निशा, हेमा साव, शबनम जौहरी, वसुधा साव, लोकेश कुमार भोई, हेमकुमारी साव, पालकगण मिनिकेतन साव, चंद्रमणि पटेल, उमेश प्रधान, सुशील कुमार पटेल, हीरासिंह ध्रुव, शोभाराम आत्माराम साव, हीरालाल यादव, माधुरी दीवान, मंजू ध्रुव, पृथ्वीराज प्रधान, गोपाल साकरे, सरोज नरेश प्रधान, नंदकिशोर सोनवानी, मनीष दास, जीता साव, पूजा, हीरा, केकाई चौहान, दुर्जन सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**बसना।** स्वर्गीय जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में प्राचार्य डॉ एसके साव के निर्देशन एवं रसायन विभाग की विभाग अध्यक्ष आरती साव के मार्गदर्शन में रसायन विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शब्या पटेल सहायक प्रध्यापक रसायन शास्त्र शासकीय महाविद्यालय सरायपाली उपस्थित रही। इस सेमिनार का टॉपिक था संकरण। सबसे पहले शव्या पटेल ने संकरण की परिभाषा विशेषता एवं उसके प्रकार को समझाते हुए कहा कि किस प्रकार दो परमाणु कक्षक आपस में मिलकर नये संकरित कक्षकों का निर्माण करते है। उन्होंने कहा कि किसी भी अणु के संकरण को ज्ञात कर हम उस अणु की संरचना, क्रियाशीलता व रासायनिक बंध के बारे में जान सकते हैं। साथ ही उन्होंने किसी भी अणु के संकरण को आसानी से निकलने की महत्वपूर्ण ट्रिक भी बतायी, जो कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। संकरण से संबंधित विद्यार्थियों ने कुछ प्रश्न भी पूछे, जिनका जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया। सेमिनार में गीतिका प्रधान, आकांक्षा भाई, निधि जोशी, मीनाक्षी साव, मुस्ताक खान व शशांक निर्मलकर उपस्थित रहे।



# स्मार्ट मीटर लगने के बाद दोगुना-तीन गुना आ रही बिल: निखिल

## जनता को लूटने स्मार्ट मीटर लगा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू ने कहा कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिलिंग की शिकायतें मिल रही हैं। हालाकि, अभी स्मार्ट मीटर से रिचार्ज सिस्टम शुरू नहीं हुआ है, लेकिन जब से नया मीटर लगाए गए हैं, बिजली बिल की राशि दोगुने से तिगुना बिल आ रहा है। आम जनता त्राहिमाम कर रही है, लेकिन भाजपा सरकार पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस कार्यकाल में आम जनता को बिजली बिल हाफ योजना के तहत छूट प्रदान किया जा रहा था। जिससे जनता को राहत मिल रही थी।

निखिल ने कहा कि गरीब जनता पर स्मार्ट मीटर योजना थोपकर राज्य सरकार अदानी को फायदा पहुंचाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। जनता को परेशान करने के लिए जबरन इसे उनके घरों में लगाया जा रहा है। राज्य सरकार ने अदानी एनर्जी के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के 60 लाख घरों में स्मार्ट मीटर



लगाने का करार किया है। अब तक लगभग 50 फीसदी घरों में मीटर लगाए जा चुके हैं। सरकार के इशारे पर बिजली कंपनी स्मार्ट या प्रीपेड मीटर के माध्यम से आम लोगों का आर्थिक दोहन कर रही है। जनता के खून पसीने की कमाई की लूट के लिए घरों में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है।

जनता द्वारा विरोध करने पर बिजली कनेक्शन ही काटने तथा जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। तथा जबरदस्ती सहमति पत्र भराया जा रहा है। जबकि, उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश है कि उपभोक्ता की इच्छा पर ही स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। बिजली विभाग कोई जोर जबरदस्ती नहीं करेगा। जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाना न्यायालय की अवमानना है। भाजपा ने सरकार बनने से पूर्व 400 यूनिट तक खपत पर आधी बिजली बिल माफ करने की बात कही थी। लेकिन डबल इंजन की सरकार छग की जनता का जेब काट कर अपने मित्रों अडानी और अंबानी का झोला भर रही है।

### सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली

निखिल ने सुरक्षा निधि के नाम पर बिजली विभाग द्वारा ली जा रही अतिरिक्त राशि को भी जनता के साथ धोखा बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल प्रतिवर्ष आम जनता के जेब में कैंची मारने का काम सुरक्षा निधि के नाम पर किया जा रहा है। पूर्व में जमा सुरक्षा निधि और उस पर मिलने वाला ब्याज को घोटाले के रूप में डकार दिया जा रहा है। प्रतिवर्ष सुरक्षा निधि के नाम पर जनता से करोड़ों रुपया वसूली की जा रही है। एक तरफ महतारी वंदन के नाम पर आधे-अधूरे 1000 रुपए का भुगतान कर रही है। तो दूसरी ओर विद्युत मंडल सुरक्षा निधि के नाम पर उस राशि को वसूल कर रहा है। हर वर्ष नवंबर के बिल में ही जोड़कर विभाग द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में अवैध वसूली की जा रही है। इस बार विगत नवंबर माह के बिल में गरीब उपभोक्ताओं से 500 से 1500 रुपए तक सुरक्षा निधि ली गई है। सुरक्षा निधि के रूप में की जा रही इस अवैध वसूली से शहर के नागरिकों में आक्रोश है।

# व्यवहार विज्ञान और अंतर्दृष्टियों के संभावित अनुप्रयोगों पर हुई चर्चा

## राष्ट्रीय सूचना तकनीकी (एनआईटी) में आयोजित की गई राज्य स्तरीय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय सूचना तकनीकी (एनआईटी) संस्थान में व्यवहार अंतर्दृष्टि इकाई की राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यवहार विज्ञान और अंतर्दृष्टियों के संभावित अनुप्रयोगों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में राज्य समिति के रायपुर संभाग के महासमुंद जिले से डॉ. सुरेश शुक्ला ने ज्वलंत आवश्यकता-आधारित विषयों का चिन्हांकन किया और उनके निवारण के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने विगत वर्षों में जिले में किए गए कार्यों की जानकारी साझा करते हुए भावी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एनआईटी के सहायक प्राध्यापक डॉ. शशिकांत तराई ने भी भाग लिया। बैठक के मुख्य आकर्षण में मुंबई स्थित फाइनल माइल संस्थान की विशेषज्ञ टीम शामिल रही। विशेषज्ञों अन्नेथा कशुगटी और रजुता काम्बोजकर ने विषय से संबंधित अद्यतन जानकारी और व्यवहार विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम अंतर्दृष्टियों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।



बैठक का उद्देश्य व्यवहार विज्ञान और अंतर्दृष्टि आधारित रणनीतियों का उपयोग कर राज्य के विकास कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाना था। विशेषज्ञों ने व्यवहार परिवर्तन के क्षेत्र में नवाचारों और तकनीकी उपकरणों के महत्व पर जोर दिया। यह बैठक भविष्य के लिए राज्य में व्यवहार अंतर्दृष्टि आधारित नीतियों को सुदृढ़ बनाने और समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, और विशेषज्ञों ने एक मंच पर आकर अपने विचार साझा किए।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में सल्डीह टीम बनीं विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

नरतोरी में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें फाईनल विजेता सल्डीह बसना व उपविजेता लक्ष्मीपुर रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान नेता हितेश चन्द्राकर, विशेष अतिथि आदिवासी युवा नेता हरीश दीवान, अध्यक्षता घनश्याम चन्द्राकर सरपंच नरतोरी, मुकेश चन्द्राकर अध्यक्ष सोसायटी मुनगासेर रहे। इस अवसर पर ग्राम सदस्य मधु बरिहा, राज चन्द्राकर, महेंद्र बरिहा, ज्ञानचंद, लोकू लोकनाथ, देवेन्द्र, सुसेन, मोनू, टिकेश, माधव, शिव, छबि, दौलत, देव, महेश, खेमसिंह, गोपाल, खिरोज, प्रमोद, क्षीरसागर, मुकेश, हीराराम, लीलाधर, देवचरण, नीलकंठ, किशोर, बलराम, हरीश जगत, भुनेश्वर चक्रधारी, गोपाल चन्द्राकर, डिगेश, रिखीराम बरिहा आदि मौजूद रहे।

### आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**महासमुंद।** 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान पूरे देश में दिनांक 26 नवंबर 2024 से जारी है जो कि 25 दिसंबर तक समस्त आयुष संस्थाओं में होगा। संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी जिला महासमुंद डॉक्टर प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में समस्त आयुष संस्थाओं में प्रकृति परीक्षण का कार्य जारी है। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, महासमुंद के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अनुसुइया अग्रवाल का प्रकृति परीक्षण किया गया। शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.सर्वेश दुबे द्वारा प्रकृति से संबंधित कार्यशाला में व्याख्यान दिया गया। पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ. रागनी गुप्ता व नर्सिंग सिस्टर मेरी रोस खाखा उपस्थित रहीं। डॉ.सर्वेश दुबे ने बताया कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा तथा आयुर्वेद को आम नागरिक तक पहुंच कर उनके जीवन शैली में आवश्यक बदलाव लाकर विभिन्न रोगों से निजात पाना संभव है।

### बेमचा में मनाई गई गीता जयंती

**महासमुंद।** अगहन शुक्ल एकादशी को गायत्री मंदिर बेमचा में गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, गायत्री पूजन, कृष्ण भगवत, कृष्ण सखा एवं गीता के पूजन से हुआ। गीत संगीत के साथ भगत गुरुजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि युद्ध के मैदान में कृष्ण भगवान ने मोह ग्रस्तता से दूर करने के लिए पावन गीता का संदेश दिया। हम सबको हर स्थिति परिस्थिति में अपने अपने कर्तव्यों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। कभी भी भूलकर अपने अन्य भाइयों का हक नहीं छीनना चाहिए। स्वयं कष्ट उठाकर भी पांडवों ने धर्म एवं सत्य का मार्ग का ग्रहण किया, इसीलिए भगवान कृष्ण ने सत्य मार्ग का अनुसरण करने वालों का साथ दिया। अंत में सत्य की ही विजय हुई। इसके बाद युधिष्ठिर ने धर्म राज्य की स्थापना की। अंत में दीप यज्ञ एवं आरती हुई। कार्यक्रम में अशोक दुबे, भारत निषाद, शोभा निषाद, सुकालू निषाद, रविकांत चंद्राकर, चेतन चंद्राकर, भोला निषाद, देवचरण चंद्राकर, मनोज कहार, खेलन चंद्राकर, पूजा, गीतांजलि, राधा, नैना, सावित्री आदि का योगदान रहा। उक्त जानकारी समिति के रविकांत चंद्राकर ने दी है।




### चेतना विकास मूल्य शिक्षा शोध शाला का आयोजन

**महासमुंद।** मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिए किस प्रकार टीएलएम अर्थात सहायक शिक्षण सामग्री बने, इस संबंध में चेतना विकास मूल्य शिक्षा शोध शाला का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के मानवीयकरण के लिए प्रसिद्ध कोकडी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकडिया का मत रहा कि मटेरियल, मटेरियल है, यंत्र केवल यंत्र है, कितने भी अच्छे रोबोट बना ले, वो आदमी का स्थान नही ले सकता। उसको चलाने के लिए भी आदमी ही चाहिए। सरकारी स्कूलों में बहुत सारे खिलौने और पुस्तके आ रहे हैं, पांपलेट आ रहे हैं, लेकिन बच्चे इन पर ज्यादा रूचि नही लेते। इसके पीछे मुख्य कारण सहायक शिक्षण सामग्री का विकास मानवीय मूल्यों पर आधारित नहीं। शिक्षक का चरित्रपूर्वक जीना, बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए पहली प्राथमिकता और अनिवार्यता है। शिक्षक आने वाली पीढ़ी का निर्माता है, इसीलिए शिक्षक को नशा मुक्त, सदाचारी, कर्तव्य निष्ट, समय का पाबंद, न्याय, धर्म, सत्य की समझ, होना अति अनिवार्य है। सभा का संचालन डा. संकेत ठाकुर संचालक अभिभावक विद्यालय अछोटी ने किया। कार्यक्रम में मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिये शोधार्थी शिक्षकों के अलावा मानवीय शिक्षा शोध केन्द्र तेंदुवाही से राखी कोकडिया, गुलाब कन्हैया पटेल पिरदा, प्रियंका राकेश गुप्ता कर्नाटक, सुवर्णा योगेश शास्त्री मानवीय शिक्षा शोध केन्द्र परढा पुणे, सचिन स्वाती परमार समाजसेवी मध्यप्रदेश, मानवीय शिक्षा शोध केन्द्र रायगढ़ से शुक्लांबर पटेल, उत्सव पारा सांकरी से गौरी कृष्ण कुमार साहू, बेमेतरा से मुकेश देवांगन, आवंरी से चंद्रहास आदि मौजूद रहे।

## 10वीं-12 वीं बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी घोषित, शिक्षा विभाग ने शुरू की तैयारियां

# प्री-बोर्ड परीक्षा देकर अपनी मेहनत का आंकलन करेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वी-12वीं बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी गुरुवार को घोषित कर दी है। साथ ही बोर्ड ने परीक्षा की आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी है। 12 वीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक व 10 वीं की परीक्षा तीन से 24 मार्च तक चलेगी। बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थी प्री-बोर्ड परीक्षा में अपनी सालभर की पढ़ाई का आंकलन करेंगे।

बता दें कि बोर्ड परीक्षा के लिए दसवीं और बारहवीं के नियमित तथा स्वाध्यायी विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया के बाद बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू हो गयी है। सोमवार को दोनों ही बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी घोषित की गई।12वीं की परीक्षा एक मार्च को हिन्दी विषय से चालू होगी। वहीं 10वीं की भी हिन्दी विषय के साथ परीक्षा तीन मार्च से शुरू होगी। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा सुबह 9 से शुरू होकर दोपहर 12:15 तक चलेगी। मालूम हो कि माशिमं ने प्रेक्टिकल परीक्षा की तिथि पहले ही घोषित कर दी है। दोनों कक्षाओं की प्रेक्टिकल परीक्षा 10 जनवरी से 31 जनवरी के बीच होगी। इस दौरान सभी स्कूल अपनी सुविधानुसार प्रेक्टिकल परीक्षा आयोजित करेंगे। इस बीच गत गुरूवार को संचालक लोक शिक्षण ने बोर्ड परीक्षा से पहले प्री- बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी। अब 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा से पहले प्री-बोर्ड में अपनी सालभर की पढ़ाई का आंकलन करेंगे और उसी के आधार पर बोर्ड परीक्षा की तैयारी करेंगे। प्री-बोर्ड की जारी समय सारिणी के अनुसार दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा 20 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 जनवरी को समाप्त होगी।




**पिछले साल 24 हजार से अधिक ने दी थी बोर्ड परीक्षा**

मालूम हो कि जिले में सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं के लिए 14127 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 13927 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिले में 5041 छात्र और 6672 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इस तरह 80.83 प्रतिशत छात्र व 86.88 छात्राओं ने सफलता हासिल की थी। कुल परीक्षा परिणाम 84.17 प्रतिशत रहा। इनमें चार विद्यार्थियों ने टॉप 10 में जगह बनाई।

इसी प्रकार जिले में कक्षा 12वीं में 10428 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 10348 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 3907 छात्र और 5569 छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.89 प्रतिशत व बालिकाओं का 93.62 प्रतिशत रहा। इस तरह जिले में 12वीं का परीक्षा परिणाम 91.61 प्रतिशत रहा।

## खबर संक्षेप

### सोनकर समाज का महिला एवं युवा सम्मेलन 15 को



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ सोनकर समाज का प्रदेश स्तरीय महिला एवं युवा सम्मेलन का आयोजन तथा विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आदर्श विवाह व सम्मान समारोह 15 दिसंबर को शहर के श्रीराम जानकी विद्यालय परिसर में होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम अरूण साहू मुख्य अतिथि एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता सोनकर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शारदाप्रसाद सोनकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, डौण्डीलोहारा के जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर, मुंगेली के नगर पालिका अध्यक्ष संतुलाल सोनकर, कुम्हारी के नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, नवापारा के पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा सोनकर, गुण्डरदेही के नगर पंचायत के अध्यक्ष रानू सोनकर, सिमगा नगर पंचायत के अध्यक्ष भागवत सोनकर, रायपुर जिला पंचायत सदस्य सौदागर सोनकर, प्रदेश नीति अनुसंधान सदस्य किशोर देवांगन, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव मौजूद रहेंगे।

## निधन

### राजेंद्र दीक्षित

**छुरा।** नगर के प्रतिष्ठित दीक्षित परिवार के सेवानिवृत्त शिक्षक राजेन्द्र दीक्षित का बुधवार को निधन हो गया। कांग्रेस नेता अशोक दीक्षित (मक्खू ) महराज, वन अधिकारी दुर्गा दीक्षित के अग्रज एवं रेवेन्द्र दीक्षित, अजय दीक्षित के पिताश्री थे। नगर की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## पेज 9 के शेष

### बेडटच के आरोप की जांच...

इस वीडियों को सोशल मीडिया के एक्स में पोस्ट किया, इसके बाद यह मामला और गरमा गया है।

जांच दल ने 30 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का लिया बयान

मैनपुर हायर सेकण्डरी मामले में कलेक्टर गरियाबंद द्वारा जांच दल गठित किया गया है। बुधवार को जिला स्तरीय जांच दल मैनपुर हायर सेकण्डरी स्कूल पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ए के साश्वत, एसडीएम मैनपुर पंकज डहिरे, एसडीओपी मैनपुर बाजीलाल सिंह भी स्कूल परिसर में मौजूद रहे जांच टीम में कई बिन्दुओं पर निर्धारित जांच की, जिसके तहत संस्था की स्टाप के अलावा लगभग 30 छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों का बयान दर्ज किये जाने की जानकारी मिली है। जांच के दरमियान स्कूल में भारी गहमा गहमी रही। आज फिर जांच के दौरान स्कूल में छात्र दो गुट में बटे दिखे। जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एस के साश्वत ने पत्रकारों को चर्चा में बताया गरियाबंद कलेक्टर द्वारा पांच सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जो स्कूल पहुंचकर बच्चों और शिक्षकों के जवाब लिए है और उस पर निष्कर्ष निकाल कर निश्चित रूप से कार्रवाई की जायेगी।

### रबी फसल का...

में प्रतिकूल मौसमी परिस्थिति को देखते हुए किसानों से अपील की है कि फसल बीमा के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 दिसंबर के पूर्व अपने फसलों का बीमा अवश्य कराये। इसके लिए समिति संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कम्पनी बजाज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, लोक सेवा केन्द्र, कृषि विभाग के मैदानी अमलों से संपर्क कर किसान फसलों का बीमा करा सकते है।

### 20 दिसम्बर तक रक्तदान शिविर एवं मितानिन सम्मेलन का भी होगा आयोजन

# जिले के सभी विकासखण्डों में किया जाएगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले के सभी विकासखण्डों में 20 दिसम्बर तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर का उद्देश्य सभी लक्षित जनसंख्या की स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढाना है। शिविर के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य सलाह एवं दवाईयों का भी वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही रक्तदान शिविर एवं मितानिन सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक शिविर में प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम रहेगी। अन्य चिकित्सक भी आवश्यकता के अनुसार रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 12 दिसम्बर को पीएचसी खड़मा, गरियाबंद अंतर्गत ग्राम हरदी में रक्तदान शिविर, 13 दिसम्बर को सीएचसी छुरा में स्वास्थ्य शिविर, सीएचसी देवभोग एवं राजीव लोचन कॉलेज राजिम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। 14 दिसम्बर को सीएचसी मैनपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। 16 दिसम्बर को मैनपुर अंतर्गत एसएचसी ग्राम बरदुला एवं गरियाबंद अंतर्गत पीएचसी पीपरछेड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। 19 दिसम्बर को सीएचसी छुरा में मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 20 दिसम्बर को सीएचसी मैनपुर एवं पीएचसी कोसमी में मितानिन सम्मेलन तथा सीएचसी फिंगेश्वर में स्वास्थ्य शिविर एवं मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। उक्त शिविर एवं सम्मेलन का आयोजन सुबह 10.30 बजे से किया जायेगा।

### मानसिक स्वास्थ्य स्क्रिनिंग होगी

विकासखण्ड स्तर पर आयोजित कैप में चिकित्सा अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों की मानसिक स्वास्थ्य स्क्रिनिंग किया जायेगा। तथा पॉजिटिव पाये जाने वाले मरीजों को ईलाज एवं दवा मुहैया कराया जायेगा। शिविर में विशेष रूप से नशामुक्ति की काउंसलिंग काउंटर रखा जायेगा। हितग्राही जो तम्बाकू, एवं नशा छोडना चाहते है उन्हें उच्च स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर रेफर भी किया जाएगा। तम्बाकू से स्वास्थ्य में होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जन समुदाय को जागरूक करना तथा तंबाकू नियंत्रण कानून का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा।



### गैर संचारी रोगों की जांच एवं ट्रीटमेंट होगा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने विकासखण्ड स्तर के सभी शिविरों में जांच टेबल, कुर्सी लगाने की तैयारियां करने के निर्देश अधीनस्थ अमलों को दिये है। साथ ही शिविर का प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर लगाने एवं आमजन को पॉम्पलेट वितरण करने के भी निर्देश दिये हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य जांच हेतु प्रतीक्षारत हितग्राहियों व मरीजों के लिए पीने का पानी, बैठने के छायादार व्यवस्था भी करने को कहा है ताकि किसी भी आम जनता को असुविधा न हो। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विशेष रूप से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, कॉनिक किडनी डिजीज, स्ट्रोक नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज आदि गैर संचारी रोगों का जांच एवं ट्रीटमेंट किया जायेगा।

### मुख स्वास्थ्य परीक्षण भी होगा

स्वास्थ्य शिविर में आने वाले हितग्राहियों का मुख स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जायेगा। मुख स्वास्थ्य सबंधित जटिल प्रकरणों को उच्च दन्त चिकित्सा इकाई में रेफर किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर पर शिविर में आने वाले बुजुर्ग हितग्राहियों का प्रशिक्षण कर आवश्यकतानुसार चिन्हांकित बुजुर्गों को निःशुल्क कृत्रिम जबड़ा डेन्चर बनाकर उपलब्ध कराया जायेगा। बुजुर्गों (सीनियर सिटीजंस) के लिए शिविर में वॉकिंग स्टिक और अन्य सहायक सामग्री (ससिस्टिव मटेरियल्स) जैसे वैसाखी कीलचेयर या अन्य चलने-फिरने में मददगार उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। विकासखण्ड स्तर पर कैंप आयोजन के संबध में मानसिक स्वस्थ्य समस्याओं (चिता चिडचिडापन, उदासी, अवसाद, तनाव आदि) एवं टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 एवं 104 हेल्थ हेल्पलाईन का विशेष रूप से प्रचार-प्रसार किया जायेगा, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा सके।

# प्रत्यक्ष प्रणाली से होंगे चुनाव, आरक्षण तक असमंजस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय निकाय चुनाव की प्रणाली घोषित किए जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। संभावित उम्मीदवार अब चुनाव की तैयारी में नजर आने लगे हैं, किंतु अभी भी आरक्षण का पेंच फंसा हुआ है। चुनाव की तिथि की घोषणा अब तक नहीं की गई है, किंतु उम्मीद यह जताई जा रही है कि दिसंबर माह में ही चुनाव की तारीखों का ऐलान हो जाएगा एवं माह जनवरी में चुनाव होने की प्रबल संभावना है।

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अप्रत्यक्ष प्रणाली से 5 साल पहले चुनाव कराया गया था, जिसमें निकाय के पार्षद द्वारा अध्यक्ष का चुनाव हुआ था, किंतु इस बार होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के समीकरण अलग होंगे। चूंकि अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा इसलिए अध्यक्ष प्रत्याशी को पार्षद प्रत्याशी का दबाव नहीं रहेगा। शहर में हलचल तेज हो गई है। चौक-चौराहा में अब चुनाव की बातें आम हो गई है।

संभावित उम्मीदवार भी लोगों के बीच में आना-जाना बढ़ा दिए हैं एवं विभिन्न आयोजनों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। पार्षद के लिए संभावित उम्मीदवार अपने वार्डों के चक्कर लगाना प्रारंभ कर दिया है एवं बुजुर्गों व महिलाओं से पैर छूकर आशीर्वाद लेने में कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मोहल्ले के विभिन्न आयोजनों में उनकी उपस्थिति बराबर दिख रही है।

### विकास कार्य होते हैं चुनाव के मुख्य मुद्दे

गौरतलब है कि पार्षद के चुनाव में स्थानीय एवं वार्ड की छोटी-छोटी समस्याओं के आधार पर ही मतदाता अपने उम्मीदवार का चयन करते हैं। नाली, बिजली ,पानी, सफाई, सड़क, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, राशन की समस्या यही सब चुनाव के मुख्य विषय होते हैं। इसे देखते हुए संभावित उम्मीदवार अपने वार्डों में निश्चित उपस्थित दर्ज करवा रहे हैं।

अध्यक्ष चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवार अपनी दावेदारी लोगों के मध्य कर रहे हैं किंतु जब तक आरक्षण की स्थिति स्पष्ट ना हो जाए तब तक उम्मीदवार असमंजस में रहेंगे। कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही पक्षों में दावेदारों की कमी नहीं है।

# सीएम साय के सुशासन व धान खरीदी से खुश हैं किसान : संदीप शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन को कांग्रेस का एक और सुपर फ्लॉप शो बताते हुए कहा कि कांग्रेस ऐसी लाख सियासी ड्रामेबाजी कर ले, लेकिन वह प्रदेश के किसानों को अपने झूठ से कतई गुमराह नहीं कर पाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश का एक-एक अन्नदाता किसान आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की धान खरीद नीति से खुश है।



■ भाजपा ने कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन को फ्लॉप शो बताया

कहा कि धान खरीदी को लेकर कांग्रेस अपने शासनकाल के धत्कर्मों पर पर्दा डालने के लिए अब किसानों को उकसाकर प्रदेश में अराजकता फैलाने की नाकाम कोशिश कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस बारदाना, टोकन और तौल को लेकर मिथ्या प्रलाप करने में लगी है। कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि उसके शासनकाल में धान खरीदी में समितियों में तौल को लेकर व्यापक स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत पूरे प्रदेश से आ रही थी।

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार हर साल बारदाना के नाम पर केंद्र सरकार पर ही ठीकरा फोड़ने में लगी रहती थी। आज बारदाने का संकट भी नहीं है और 'तुहंर हाथ तुहंर टोकन' एप के जरिए किसानों ने हजारों टोकन स्वयं काट लिए हैं। पिछले साल के 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के विरुद्ध इस वर्ष प्रदेश की भाजपा सरकार ने 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है, जो कि पिछले साल से 30 लाख टन अधिक है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में 27.60 लाख किसानों ने अपना पंजीयन कराया है और रकबा के हिसाब से पिछले साल की तुलना में इस वर्ष किसानों ने लगभग 3.80 लाख एकड़ अधिक भूमि का पंजीयन कराया है।

# मानवाधिकार दिवस पर हुई निबंध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

विश्व मानवाधिकार दिवस पर आईसेक्ट में छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें आईसेक्ट के निदेशक बलराम देवांगन ने छात्र-छात्राओं को बताया कि मानव होने के कारण जो अधिकार प्राप्त है जो मानव को जन्म लेते ही प्राप्त होते हैं हमारी राष्ट्रीयता, लिंग, जातीय मूल, रंग ,धर्म, भाषा या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो। यह सभी बुनियादी अधिकार जीवन के अधिकार से लेकर उन अधिकारों तक है जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं जैसे भोजन, शिक्षा, काम, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता का अधिकार। मानवाधिकार के अंतर्गत आते हैं। श्री देवांगन ने बताया कि 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। मानवाधिकार दिवस की औपचारिक शुरूआत 1950 में हुई जब महासभा ने प्रस्ताव 423 पारित कर सभी राज्यों और इच्छुक संगठनों को प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाने के लिए आमंत्रित किया। तब से प्रत्येक वर्ष मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। मानवाधिकार पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हुलसी ध्रुव, द्वितीय पुरस्कार नंदिनी देवांगन एवं तृतीय पुरस्कार किरण सोनकर को प्रदान किया गया। इस अवसर पर आईसेक्ट के वरिष्ठ शिक्षिका साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, पूर्वी साहू,विजय यादव एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

■ निबंध प्रतियोगिता में हुलसी प्रथम, नंदिनी को मिला दूसरा स्थान









# कुड़ेरादादर में रंगमंच निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम पंचायत कुडेरादादर में जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर ध्रुव ने पूजा अर्चना कर रंगमंच का भूमिपूजन किया। मुख्य अतिथि केशरी नोहर ध्रुव ने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, नाली, भवन आदि मांगें हमेशा चलती रहेगी। इससे गांव का भौतिक विकास तो दिखेगा पर सामाजिक नहीं। मैं चाहती हूं मेरी क्षेत्र में हर गांव भौतिक के साथ साथ सामाजिक एवं बौद्धिक रूप से प्रगति करते हुए एक आदर्श ग्राम बने। इसके लिए पंच सरपंचों को इस दिशा में ग्रामीणों की मदद ले आगे बढ़ना चाहिए। भूमिपूजन करते हुए कहा कि निर्माण कार्य होता रहेगा जो भी काम है वह आने वाली समय में वह भी हो जायेगा। लेकिन मैं चाहती हूं कि आपके पास उपलब्ध संसाधनों से आप अपने आप का भी विकास करें। आपकी सामाजिक भागीदारी दिखें। गांव में जो भी दुर्व्यसन व सामाजिक बुराई हो वह समाप्त हो। बौद्धिक विकास के लिए क्या जरूरतें है, उसकी मांग पत्र दिखे ताकि आपके गांव एक आदर्श गांव बन सकें। इस मौके पर जनपद सदस्य थानेश्वर कंवर, सरपंच कामनी ध्रुव, उपसरपंच खिलन अग्रवाल, सचिव दामोदर सोरी, पंच देश बाई नागेश, दुलौरिन नेताम, दुलारी यादव, देवेन्द्र अग्रवाल, ग्राम प्रमुख नारायण सिंह ठाकुर, बीरेंद्र ध्रुव, केजू राम ध्रुव, घनश्याम साहू, ओमप्रकाश नागेश, जगदीश सेन सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### दिनेश बने नवापारा सतनामी समाज के अध्यक्ष



**नवापारा-राजिम।** नवापारा सतनामी समाज के चुनाव में सर्वसम्मति से दिनेश टंडन को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष संतोष गिलहरे, युवा अध्यक्ष के रूप में लल्ला टूमन सोनवानी, युवा उपाध्यक्ष सागर गिलहरे, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र जांगड़े,सचिव कान्हा गिलहरे, सहसचिव मुकेश बांधे, संचालक विजय गिलहरे, सह संचालक राजेश गिलहरे, संरक्षक विश्वनाथ नवरंगे, सहसंरक्षक तीजू बिफरे व मीडिया प्रभारी के रूप में विशेषर हिरवानी का चयन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश टंडन ने अपने नियुक्ति पर समाज के सभी सदस्यों का ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि समाज के लिए वे तन, मन, धन से समर्पित रहेंगे और समाज को आगे बढ़ाने में कोशिश करेंगे। बैठक में 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास जयंती को प्रतिवर्ष की भांति धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कामता गिलहरे, टिकेश्वर गिलहरे, मोंटू, हेमंत, चेतन, चंपू, अरविंद, भागी, छोटू कोसरे, रिखी, ढाकेश्वर, लोकेश, साहिल, सागर कुर्रे, प्रहलाद, कैलाश, सागर नवरंगे, टोमन, लक्ष्मण, बालाराम, लखन, बिलवा, मेखवा,बलराम, सूरज, केजऊ,सोमनाथ सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# छात्रों ने विश्व में बच्चों के साथ हो रही हिंसा, अपराध एवं शोषण पर दिया भाषण

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट तथा आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में यूनिसेफ डे के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभासिष विश्वास थे। कार्यक्रम में छात्रों का भाषण विश्व भर में बच्चों के साथ हो रही हिंसा, अपराध एवं शोषण पर केंद्रित रहा।




मुख्य अतिथि छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभासिष विश्वास ने कहा कि बच्चों पर हो रही हिंसा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो उनके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। आज दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उसमें बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। डर, दहशत एवं मिसाइल के आक्रमण से सहमें हुए बच्चे अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य को तरस रहे होंगे। इस कार्यक्रम में बीएएलएलबी के छात्र तेजराम साहू ने यूनिसेफ डे का मकसद एवं आज उसकी जरूरत पर बल दिया। विश्वविद्यालय के छात्र टेमन ने बच्चों के ऊपर पड़ने वाले प्रभाव को रेखांकित किया। चमेली ने हमारे समय की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए बच्चों के जीवन पर अपने भाषण को केंद्रित किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ अश्वनी कुमार साहू एवं कृष्ण कुमार थे।




# बाबा कुपी में मानस महायज्ञ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

बाबा कुपी में श्रीराम चरित मानस महायज्ञ 12 से 15 दिसम्बर तक महंत गोवर्धन शरण महाराज सिरकट्टी आश्रम द्वारा आज से शुभारम्भ होगा। इसमें सहयोगी यज्ञआचार्य पं. सुशील तिवारी, कथावाचक संत रामसेवक शरण, संत मिथिला शरण, साध्वी इन्गिराप्रिया, साध्वी हरिप्रिया की उपस्थिति में संतीय वाचन सुनने को मिलेगा।



साथ ही मानस मण्डली प्रस्तुति में सिध्देश्वर मानस मंडली लभरा राधा कृष्ण मानस मंडली परसदा कला, जय मां मौली महिला मानस मांडली पथर्री ,सूर्यादय मानस मांडली तरजुंगा, नवा सुरज मानस मांडली बनगवा , साधना मानस मांडली बारुला, मानस प्रचार प्रसार मानस मांडली सेदर ,राम कहानी मानस मांडली चैतरा ,जागृति महिला मानस मांडली फिंगेश्वर, शिवम मानस मांडली बलरामपुर होगा। वहीं समापन पश्चात रविवार को मेला मड़ाई का आयोजन होगा। सभी के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था है। कार्यक्रम संचालक जागेश्वर साहू चैतरा, वासुदेव यादव ने बताया कि कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू एवं जनप्रतिनिधियों का आगमन होगा।

उक्त यज्ञ में चैतरा, सेन्दर, परसठ्ठी ,बारुला, खुडयाडिही, खुटेरी, बिजली, बहेरपाल ,बोरसी ,माडवाडिही ,रवेली, पुरेना बिनोरी, फिगेंश्वर के श्रद्धालुओं द्वारा सुबह 7 बजे से हवन पूजन रामायण पाठ एवं 12 बजे यज्ञ भगवान की आरती और कथा प्रवचन एवं कीर्तन 1 बजे से शाम तक शामिल होंगे।



# जिला स्तरीय युवा उत्सव में छात्र-छात्राओं ने किया गजब का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा नेहरू युवा केंद्र, जिला गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में किया गया। युवा उत्सव में जिले के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने के लिए युवाओं को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद गरियाबंद सुरेन्द्र सोनटेके शामिल हुए। युवा उत्सव प्रतियोगिता के जिला नोडल अधिकारी एवं प्रभारी खेल अधिकारी अंजली खलखो ने जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमें हमारी संस्कृति से जोड़ते है। इस अवसर पर सुरेन्द्र सोनटेके ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा की आप राज्य स्तर पर भी सफलता हासिल करे और जिनका चयन नहीं हुआ उनको निराश होने की जरूरत नहीं है।

**विजेताओं को मिला प्रशस्ति पत्र :** समस्त विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में रेखा शुक्ला, द्वारिका नाग, तुलाराम साहू, बलिराम टण्डन, अजय यादव, मीनाक्षी शर्मा, महेन्द्र राजपूत, दानवीर साहू, नंदकुमार रात्रे ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन ब्लाक नोडल संजीव साहू ने किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में ब्लाक नोडल संजीव साहू, यशवन्त बघेल, रेवेन्द्र दीक्षित, हरिश्चंद्र निषाद, रमेश ठाकुर, अवनीश पात्र, नितिन बखारिया, गिरीश शर्मा, नंदकिशोर बांदे, होरीलाल साहू, लोकेश धुरव, नीलेश देवांगन, देवेन्द्र बंजारी, चैनसिंह यादव, महेन्द्र यादव, भागसिंह ठाकुर, ऐशनारायण चतुर्वेदी, किरण पदमवार, श्रद्धा साहू आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा।

## युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में लिया हिस्सा




### सामूहिक लोकनृत्य में मैनपुर प्रथम, फिंगेश्वर द्वितीय

जिला स्तरीय युवा उत्सव में सामूहिक लोकनृत्य में प्रथम मैनपुर, द्वितीय फिंगेश्वर, तृतीय छुरा, सामूहिक लोकगीत में प्रथम छुरा, द्वितीय देवभोग विकासखंड रही। इसी अनुक्रम में एकल लोकनृत्य में प्रथम चंद्रकांत मैनपुर, द्वितीय ख्याति फिंगेश्वर, तृतीय प्रीति गरियाबंद रही। लोकगीत एकल में प्रथम मयंक नेताम मैनपुर, द्वितीय भूपेश देवांगन फिंगेश्वर, तृतीय गौकरण पटेल छुरा, विज्ञान मेला सामूहिक में प्रथम फिंगेश्वर, द्वितीय गरियाबंद, तृतीय देवभोग, विज्ञान मेला एकल में प्रथम आदित्य ध्रुरव देवभोग, द्वितीय वेदप्रकाश सेन फिंगेश्वर, हस्तशिल्प में प्रथम छुरा, द्वितीय मैनपुर, तृतीय फिंगेश्वर, तात्कालिक भाषण में प्रथम ओंकार साहू फिंगेश्वर, द्वितीय लोकेश्वरी निषाद गरियाबंद, तृतीय दुष्यंत कुमार ध्रव छुरा, चित्रकला में प्रथम दिव्यांश यादव गरियाबंद, द्वितीय ऋतु साहू छुरा एवं दीपक ध्रुरव मैनपुर संयुक्त रूप से, तृतीय शिवानी वर्मा देवभोग, कविता पाठन में प्रथम कु. पलक निषाद फिंगेश्वर, द्वितीय मुकेश मरकाम देवभोग, तृतीय रोशनी ध्रुरव गरियाबंद, रॉकबैंड में प्रथम फिंगेश्वर, द्वितीय गरियाबंद को स्थान मिला।



## खबर संक्षेप

### सेन समाज का शपथ ग्रहण 14 को, विधायक साहू होंगे शामिल



**राजिम।** राजिम ड्योढ़ीपार देशहा सेन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण में 14 दिसंबर को राजिम विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन करेंगे। यह जानकारी देते हुए चंद्रप्रकाश सेन ने बताया कि नगर सेन समाज के मंगल भवन में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में केशशिल्प कला बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा- जितेंद्र सोनकर ,घनश्याम दिवाकर सेन समाज के पूर्व प्रांताध्यक्ष भुपेंद्र शंकर सेन पूर्व अध्यक्ष मोना सेन, जिला पंचायत सदस्य चंदशेखर साहू ,समाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू मौजूद रहेंगे।

### छात्रों ने सीखा संगीत वाद्ययंत्र




**राजिम।** सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय में बुधवार को छात्र-छात्राओं को पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका के प्रसिद्ध संगीत शिक्षक महेश पाण्डेय द्वारा दिव्यांग बच्चों को मूल्य आधारित गीत और प्रार्थनाएं तथा संगीत वाद्ययंत्रों की बुनियादी तकनीकी सिखाया। कार्यक्रम में प्रेरक संस्था प्रमुख रामगुलाल सिन्हा ,प्रधानपाठक उमेश्वरी साहू,संजय शुक्ला, हेमू कोशले, सुधा साहू, नूतन साहू,श्रद्धा साहू शामिल थे। इस अवसर पर संगीत शिक्षक पाण्डेय ने आवासीय विद्यालय राजिम को एक नग दरी, 4 नग भोजन पट्टी दिया।

## धान खरीदी पर सरकार कर रही वादाखिलाफी

# छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा और विकास कार्यों का ग्राम थनौद में पूर्व मंत्री साहू ने किया लोकापर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



ग्राम थनौद मे विभिन्न मदो से करोड़ो रूपये से निर्मित विकास कार्यो का पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू के करकमलो द्वारा लोकार्पण किया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियो द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री साहू ने कहा कि मंडियो धान खरीदी चल रहा है प्रदेश मे विपक्ष का धर्म निभाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे प्रदेश मे उपार्जन केन्द्रो मे वरिष्ठ नेताओ द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमे अनेक विसंगति देखने को मिली है आज प्रदेश के किसान परेशान है सही समय मे टोकन नही मिल पा रहा है जिससे किसान अपने फसल की उपज को खलिहानो मे रखने को मजबूर हो रहे है अपने स्वयं के खेतो मे धान की रबी फसल नही बोने का तुगलगी फरमान एवं टोकन का 100 प्रतिशत का ऑन लाइन का लगातार विरोध करने पर राज्य सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा जो कि प्रदेश की भाजपा सरकार की किसानो के प्रति नेक एवं नियति किसान विरोधी को दर्शाती है।

■ टोकन नहीं मिलने पर किसान परेशान, एकमुश्त 3100 रुपए का चुकारा भी नहीं किया जा रहा है

चुनाव के पूर्व भाजपा सरकार द्वारा किए गए वादो मे किसानो की धान उपज को प्रति एकड़ 3100 रु प्रति एकड़ के हिसाब से एक मुश्त ग्राम पंचायत मे काउंटर खोल कर देने का वादा जुमला साबित हो रही है जो किसानो के साथ भद्दा मजाक है। आज प्रदेश के किसान आक्रोश के साथ अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है, शांति का टापू कहलाने वाले छत्तीसगढ़ आज लूट हत्या, बलत्कार जैसे जघन्य अपराधो से घिर गया है जिसके कारण से शांत एवं विकसित छत्तीसगढ़ की स्वप्न दृष्टाओ को अपने आप मे शर्मिंदगी महसूस हो रही है। प्रदेश मे भाजपा सरकार का 1वर्ष पूर्ण हो गया है लेकिन प्रदेश एवं क्षेत्र मे कही भी विकास कार्य दिखाई नही दे रही है। गाँवो मे ग्राम पंचायत एवं विभागों द्वारा निर्मित कार्य पूर्ववर्ती सरकार द्वारा कराया गया था वही आज धरातल पर देखने को मिल रही है।

कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष श्रीमति देवनंदनी साहू,पूर्व जिपं.सदस्य दानीराम साहू ,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष डामन साहू,ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी साहू ,जनपद सभापति निमा निम्बेकर,सभापति दुर्गा सिन्हा ,जनपद सदस्य श्रीमति प्रतिभा तारक, नंदकुमार साहू, वेदव्यास तारक ,अक्षय साहू ,रघुनंदन यादव ,सतीश ध्रुव, पप्पू ध्रुव, बिसेलाल साहू , शोभा विश्वकर्मा,भूनेश्वर साहू,पवन पटेल,हिमांचल पाल, टेमन यदु,रामसेवक साहू बरातू राम साहू,सुकचंद् यादव, अर्जुन यादव,तुलसी राम तारक, भोज राम साहू, तिरिथ राम साहू, मदन साहू, देव विश्वकर्मा ,मनोज साहू,टीकाराम साहू, छत्रपाल साहू, बिमला साहू ,सविता मरकाम सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# छात्रों ने रक्तदान के लिए लोगों को किया जागरूक



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़मा में समाजसेवी एवं छत्तीसगढ़ शाकम्भरी सेवा संस्थान द्वारा विद्यालय में शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र- छात्राओं के मध्य पहुंच कर रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां शिक्षक पाण्डेय द्वारा सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या दान के साथ साथ और भी दान होता है, जिसमें जीवन दान रक्त दान करना चाहिए, जो जीवन बचाने के लिए अतिआवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश बावनगड़े,गणेश पटेल ,दीपेश बारले ,भोजराम ध्रुव ,सुषमा ध्रुव, चेमिन साहू ,हेमलता साहू ,प्रकाश साहू, प्रदीप कुमार पांडे, रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य समाजसेवी मनोज पटेल,आत्मा राम ठाकुर सहित समस्त स्टाप एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत मुड़ागांव में जनपद सदस्य मद से सीसी रोड निर्माण मुख्य मार्ग से शीतला समुदायक भवन तालाब तक एवं राम अवतार यादव किराना दुकान से ताम्रध्वज यादव घर तक के लिए भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीखी राम यादव जनपद सदस्य छुरा, ग्राम पंचायत सरपंच प्यारे सिंह दीवान, मलेसीन दीवान (उपसरपंच) रामनारायण दीवान रेवती बाई दीवान, लोकसाय दीवान,संतराम साहू, जया बाई यादव,कुमारीबाई मानिकपुरी, उमा बाई ठाकुर, बैशाखीनबाई दीवान, धान बाई दीवान,भागो बाई साहू, परमीला बाई साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आज होगा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन




**गरियाबंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गरियाबंद जिले में आयोजित होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए 12 दिसंबर को गांधी मैदान में भूमि पूजन का आयोजन किया जाएगा।

**भूमि पूजन का महत्व :** ऋषि परंपरा के अनुसार, भूमि पूजन के माध्यम से भूमि को यज्ञीय कार्यों के लिए पवित्र और उपयुक्त बनाया जाता है। इस प्रक्रिया से भूमि पर मौजूद पुराने कर्मों के दोष को समाप्त कर, उसे संस्कारित किया जाता है। भूमि पूजन के बाद यज्ञ से जुड़े अन्य कार्यों की शुरुआत होगी।

**कार्यक्रम में शामिल होंगे विशिष्ट अतिथि :** इस आयोजन में शांतिकुंज प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर, छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक आदर्श वर्मा, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, महामंडलेश्वर गोवर्धन शरण, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला सहित गायत्री परिवार के उप जोन समन्वयक, जिला समन्वयक, संगठन समन्वयक और अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

गायत्री परिवार के वरिष्ठ, महिला और युवा प्रकोष्ठ के सदस्य, साथ ही फिंगेश्वर, छुरा, मैनपुर, देवभोग और गरियाबंद के हजारों कार्यकर्ता इस पवित्र कार्यक्रम में शामिल होंगे। भूमि पूजन के बाद महायज्ञ के आयोजन से संबंधित कार्य तेज किए जाएंगे। 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह आयोजन क्षेत्रीय स्तर पर आध्यात्मिक उन्नति और सामूहिक भागीदारी का प्रतीक बनेगा।

## 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे छात्र, सीजी बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से

**राजिम।** बोर्ड परीक्षा की तैयारी में राजिम सहित पूरे क्षेत्र के बच्चे दिलोजान से लग गए हैं। परीक्षा के लिए मात्र ढाई महीने का समय शेष रह गया है। बच्चे अब खुद हो करके सुबह 4 बजे उठने लगे है और शाम को स्कूल से जाते ही खाना खाने के बाद देर रात तक पढ़ाई में मन लगा रहे है। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दोनो कक्षाओं 10वीं-12वीं बोर्ड की समय सारणी जारी कर दिया है। कक्षा 12 की परीक्षा 1 मार्च से तथा कक्षा 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होगी। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वी की परीक्षा 15 फरवरी से प्रारंभ हो जाएगी। मतलब इन बच्चो के लिए सिर्फ दो माह का समय शेष रह गया है। वहीं प्रीबोर्ड परीक्षा माह जनवरी में प्रस्तावित है। प्रायोगिक परीक्षाएं माह फरवरी के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में आयोजित होगी। राजिम एवं नवापारा क्षेत्र की बात करे तो कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 50 से अधिक हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूल है। जहां 5000 से अधिक बच्चे पढ़ते है।

**सीजी बोर्ड 1 मार्च एवं सीबीएसई 15 फरवरी से प्रारंभ :** छत्तीसगढ़ बोर्ड कक्षा 12वीं एवं 10वीं कक्षा की परीक्षा क्रमशः 1 एवं 3 मार्च से प्रातः 9 से 12.30 बजे होगी। जो 28 मार्च तक चलेगी। वहीं सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से होगी। सीबीएसई की परीक्षाएं अप्रैल के प्रथम सप्ताह में समाप्त होंगी।

# बाजार स्थल पर लगेगा टीन शेड, सब्जी विक्रेताओं को मिलेगी गर्मी व बारिश से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



पांडुका क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अतरमरा के सब्जी बाजार में आज भी रौनक रहती है। पांडुका क्षेत्र के अंतर्गत अतरमरा की बाजार प्रत्येक सोमवार को लगता है, जिसमें आसपास के गांव रजनकटा, कुरूद, खट्टी, सांकरा,गाराघाट, तौरेंगा, कुम्हरमरा, दीवना, मोहतरा, राचरडेरा, विजयनगर सहित आसपास के ग्रामीण जन अपने दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं जैसे जूता चप्पल, कपड़ा, राशन सामग्री के साथ-साथ मनपसंद ताजी व हरी सब्जियां लेने के लिए पहुंचते हैं। अतरमरा के बाजार दोपहर से ही लग जाता हैं। आसपास गांव रजनकटा, खट्टी,अतरमरा के लोगों को ताजी व हरी सब्जी प्राप्त हो जाते हैं।

■ अतरमरा के बाजार हटरी में आज भी रहती है सब्जी क्रेताओं की भीड़

### ताजी हरी सब्जियां गढ़ है अतरमरा

गांव के सरपंच रामाधीन ध्रुव, उपसरपंच एवं भाजपा नेत्री शिवांगी चतुर्वेदी, श्यामलाल साहू, टीकम सिन्हा, अभिषेक चतुर्वेदी, विनोद सिन्हा, सेवक निर्मलकर ने चर्चा के उपरांत जानकारी प्राप्त हुआ कि हमारे गांव के बाजार बहुत ही अच्छा लगता है। लेकिन जिस प्रकार से यहां विभिन्न प्रकार के व्यवसायी, व्यापारी लोग आते हैं। उनके सुविधा के लिए धूप और पानी से बचने के लिए टीना सेट की स्वीकृति राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा किया गया है। ग्राम वासियों, व्यापारियों, सब्जी वालों, एवं आसपास गांवों के लोगों ने सुविधा मिलने पर हर्ष व्याप्त है। ज्ञात हो कि अतरमरा सहित आसपास के गांवों से हरी और ताजी सब्जियां अतरमरा के बाजार में मिलता है।

# भाषा विचारों को करती है अभिव्यक्त : पूरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में भाषा उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं शिक्षकों ने किया। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रकला एवं रंगोली में स्वाति साहू प्रथम निबंध में गीता साहू, अर्पिता साहू एवं रितु सेन को शाला की ओर से पुरस्कार देकर उसका सम्मान किया गया।

■ बिजली स्कूल में भाषा उत्सव कार्यक्रम हुआ

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय भाषा उत्सव 4 दिसंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर को समापन हुआ। उन्होंने कहा कि भाषा विचारों को अभिव्यक्त करती है। भाषा विविधता को बढ़ावा देने और उसमें एकता को महसूस करने के लिए मनाया जाने वाला एक कार्यक्रम है। भाषा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और बहुभाषीय शिक्षा को बढ़ावा देना है। भारतीय भाषाओं के माध्यम से एकता और संस्कृति को सुरक्षित करने का प्रयास करती है, जिससे बच्चों में भारतीय भाषाओं में उपलब्ध समृद्ध साहित्य के प्रति आदर और प्रेम विकसित करना होता है। व्याख्याता दिनेश कुमार साहू ने कहा कि भाषा और विचारों के बीच एक गहरा संबंध होता है। जब हम किसी भाषा में सोचते हैं तो भाषा हमें वह शब्द उपलब्ध कराती है, जिनसे हमारे विचारों को सही तरीके से व्यक्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन छात्र गीता साहू (12वीं) ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, जी पी साहू,श्वेता साहू,गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे,रुद्र प्रताप साहू,क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू,तोमन साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## संघर्ष एवं वीरता को किया गया याद

# अभाविप ने मनाया शहीद वीरनारायण सिंह दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई, नवापारा द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह, अमर रहे के नारे लगाते हुए उनके संघर्ष एवं वीरता को याद किया गया। कार्यक्रम में नगर मंत्री दीपक ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह 167 साल पहले प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने बलिदान दिया था। 1857 के 10 दिसंबर का वह दिन था, जब रायपुर के जयस्तंभ चौक पर सरेआम शहीद वीरनारायण सिंह जी को फांसी दी गई व उनके शव को तोप से उड़ा दिया गया। इस क्रांति में वे अकेले नहीं थे। उनके परिवार के 6 लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी दी थी। छत्तीसगढ़ के इतिहास में शहीद वीर नारायण सिंह का नाम तो प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर योद्धा के रूप में दर्ज हो गया, किंतु उनके परिवार के बलिदान को लेकर अब तक स्थानीय इतिहासकारों से कही कोई बात सामने नहीं आ सकी। नगर सहमंत्री दिपेश सेन ने कहा कि सिंघोड़ा घाट में 10 महीने युद्ध चला। अंग्रेजों के टैक्स वृद्धि के खिलाफ सोनाखान व घेस जमींदारी ने मुंबई-रायपुर-संबलपुर-कलकत्ता मार्ग को अवरुद्ध करने की योजना बनाई और सिंघोड़ा घाटी को अवरूद्ध कर दिया। इसके बाद 10 माह तक यहां युद्ध चलता रहा। लक्की साहू ने बलिदान दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह जी को 10 दिसंबर, 1857 को रायपुर के जय स्तंभ चौक पर उन्हें फांसी दी गई थी एवं स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले हमारे प्रदेश के आदिवासी जननायक शहीद वीर नारायण सिंह सच्चे देशभक्त थे, साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत होने का भी फर्ज निभाया। वे सोनाखान के जमींदार परिवार से थे। लेकिन उन्होंने किसानों और गरीबों के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। नगर सहमंत्री कुन्दन सोनकर ने कहा कि उन्होंने सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति का उन्होने संचार किया। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण को भी हमेशा याद किया जाएगा। गरीबों और किसानों के रक्षक के रूप में उनकी गौरवगाथा सदैव अमर रहेगी। एस.एफ.डी. प्रमुख अजित साहू ने कहा कि उनके साला कुंजल सिंह को संबलपुर में फांसी दी गई। बैरी सिंह को आजीवन कारावास की सजा दी, जहां उनकी मृत्यु हो गई। हटे सिंह को कालापानी के लिए सेल्यूलर जेल भेज दिया। कार्यक्रम में नगर कार्यकारिणी लक्की साहू, पंकज जैन, सोम व गोड़ समाज के युवा कार्यकर्ता सूरज ध्रुव सहित अभाविप के सदस्य उपस्थित थे।